पंजाब केसरी 05/02/2025



जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए गए गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यूथ रैडक्रॉस सोसायटी के काऊंसलर डा. राकेश कुमार और 20 विद्यार्थी।

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के डा. राकेश कुमार और 20 छात्रों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

अम्बाला, 4 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यूथ रैडक्रॉस सोसायटी के काऊंसलर डा. राकेश कुमार और 20 समर्पित छात्रों को हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी सम्मानित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर डा. रोहित दत ने कहा कि यह कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है कि उनके युवा रैडक्रॉस स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल लोगों को लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में सहायता कर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।

उन्होंने बताया कि उनके कॉलेज के 20 छात्रों और काऊंसलर डा. राकेश कुमार को जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है, जो कॉलेज के लिए गौरव का विषय है। इस सम्मान ने जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को उजागर किया है।

प्राचार्य ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों ने भी सम्मानित छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।